जेपी यूनिवर्सिटी के रघु को बायो एनर्जी अवार्ड

■ दिव्य हिमाचल ब्यूरो, सोलन

जैपी यूनिवर्सिटी आफ इन्फार्मेशन टेक्नोलॉजी वाकनाघाट (सोलन) के डा. रघु येन्नामली को प्रतिष्ठित बायो एनर्जी अवार्ड फॉर कटिंग एज रिसर्च (बी-एसीईआर) से नवाजा गया है। डा. रघु जेपी यूनविर्सिटी में डिपार्टमेंट ऑफ बायोटेक्नोलॉजी एंड बायोइन्फार्मेटिक्स में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्हें यह प्रतिष्ठित अवार्ड मिलने से विश्वविद्यालय में खुशी का माहौल है। इस अवार्ड के लिए जेपी विश्वविद्यालय के डा. रघु सहित देशभर से कुल चार संकाय सदस्यों को चुना गया था। इनमें आईआईटी दिल्ली, जेएनयू दिल्ली व टीआई आर आई दिल्ली के संकाय सदस्य शामिल थे। यह अवार्ड भारत सरकार के बायोटेक्नोलॉजी विभाग व इंडो-यूएस साइंस एंड टेक्नोलॉजी फोरम द्वारा प्रायोजित किया गया था। अवार्ड मिलने के बाद डा. रघु विश्व की टॉप-28 विश्वविद्यालय में शुमार विसकोनसिन-मेडिसिन यूनिवर्सिटी में एक संयुक्त रिसर्च एक्टीविटी में तीन माह तक करेंगे।